# कार्यालय कलेक्टर (उप संचालक कृषि) जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज(छ.ग.)

क्रमांक/टी–3/मि.रा.मि./2017–18/ 2094 लरामपुर दिनांक : 25/ 08/2017

प्रति,

जिला विज्ञान एवं सूचना केन्द्र
जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.)

**विषय :– ग्राम अय्यारी विकास खण्ड शंकरगढ़ में मिनि राईस मिल स्थापना निविदा विज्ञापन को www.balrampur.gov.in में अपलोड करने बावत्**

उप संचालक कृषि बलरामपुर द्वारा विकास खण्ड शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत अय्यारी में शासकीय मिनि राईस मिल मॉडलर की स्थापना की जानी है। जिस हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। अतः संबंधित मिनि राईस मिल हेतु निम्न गुणवत्ता युक्त सामग्री की आवश्यकता होगी । जिसके लिए इच्छुक विक्रेताओं व निर्माताओं से दिनांक 21.9.2017 दिन गुरूवार सायं 3.00 बजे तक कार्यालय उप संचालक कृषि जिला बलरामपुर में निर्धारित प्रपत्र में निविदा अमांत्रित की जाती है।

| S.N. | DESCRIPTION | QTY. | RATE |
|---|---|---|---|
| | **Mini Rice mill plant Machinery** | | |
| 1. | Paddy cleaner with Chalna Pankha with Motor- 3h.p. | 1 set | |
| 2. | Rubber Sheller Dx5" with Husk Aspirator, with motor-5h.p. | 1 set | |
| 3. | Paddy Sepatator (3 tray) with Motor – 2h.p. | 1 set | |
| 4. | Polisher With Motor – 1h.p. | 1 set | |
| 5. | Bran Chalna With Motor – 1h.p. | 1 set | |
| 6. | Chawal Chalna with Finish Fan, With Motor – 1h.p. | 1 set | |
| 7. | Grain Discharger With Motor | 6 Nos | |
| 8. | Plant Accessories | ---- | |
| 9. | Pipe Connection | ---- | |
| 10. | Plant Structure | ---- | |
| 11. | Plant Installation | ---- | |
| 12. | Electric Fitting | ---- | |
| 13. | Transportation | ---- | |
| 14. | Bag Closer Machine | ---- | |
| 15 | Weighing Machine | ---- | |
| | | | |

## :–निविदा की शर्ते व नियम :–

1. निविदा बंद लिफाफे में दिनांक 21.09.2017 को अपरान्ह 3:00 बजे तक कार्यालय उप संचालक कृषि बलरामपुर मे प्राप्त हो जाना चाहिए, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले निविदाकारों पर कोई विचार नही किया जावेगा।
2. निविदा कार्यालय उप संचालक कृषि में कार्यालयीन समय में निविदा लाल स्याही से अंकित करें। फर्म/संस्था का नाम व पता साफ अक्षरों में लिफाफा के ऊपर लिखना अनिवार्य है।
3. निविदा में सम्मिलित होने हेतु निर्माता एवं अधिकृत आपूर्तिकर्ता /विक्रेता होना चाहिए।
4. निविदाकारों को अपनी निविदा में वाणिज्यकर का क्रमांक अंकित करना अनिवार्य होगा, वाणिज्यकर क्रमांक अंकित न होने पर निविदा वैद्य नही मानी जावेगी।
5. सुरक्षा निधि राशि रू. 37000/– (अक्षरी –सैंतीस हजार रू.मात्र) डी.डी जो उप संचालक कृषि बलरामपुर के नाम देय होगा, जो जमा करना अनिवार्य होगा। बिना प्रतिभूति राशि जमा किए प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जावेगा।
6. तीन वर्ष का आयकर रिटर्न प्रमाण होना चाहिए।

7. मशीनरी आई.एस.आई./आई.एस.ओ. मार्का एवं प्रतिष्ठित फर्म/निर्माता का होना चाहिए।
8. सर्व प्रथम लिफाफा ''ए''जो तकनीकि बिड खोला जायगा। योग्य पाये जाने पर लिफाफा ''बी'' जो कि कीमत सूची होगा खोला जायगा।
9. निविदा दिनांक 21.09.2017 को अपरान्ह 4:00 बजे प्रदायकर्ता के समक्ष कार्यालय उप संचालक कृषि जिला बलरामपुर में खोला जायगा।
10. निविदा स्वीकृति आदेश प्राप्त होने पर उक्त कार्य तीन माह के भीतर पूर्ण करा लिया जावे। तथा कार्य की गुणवत्ता उच्च कोटि की होनी चाहिए।
11. निविदा स्वीकृति सूचना के पश्चात् सफल निविदाकारों को स्वयं के व्यय पर चयनित स्थल पर सामग्री पहुंचाना होगा। मांग पत्रानुसार सामग्री उपलब्ध न करने की दशा मे अन्य फर्मों/निविदाकारों से क्रय की जावेगी। और उस पर होने वाली आर्थिक क्षति की रकम निविदाकारों की डिपॉजिट उसकी राशि में से अन्यथा भू–राजस्व की वसूली की भॉति वसूल की जावेगी, तथा उनके फर्म को काली सूची में दर्ज किया जावेगा।
12. प्रदाय की गई कोई भी सामग्री निम्न स्तर की होने या कम होने की दशा में सामग्री निविदाकारों का स्वयं के व्यय पर वापिस उठानी होगी।
13. किसी भी निविदा की स्वीकृति करने अथवा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार कलेक्टर बलरामपुर–रामानुजगंज को होगा।
14. अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह पूरा अधिकार होगा की बिना कारण बताए सामग्री की गुणवत्ता आदि को देखते हुए उपर दर की ''निविदा'' स्वीकृत कर सकेगा। इस संबंध में किसी प्रकार का अभ्यावेदन ग्राह्य नही होगा।
15. वित्तीय वर्ष 2017–18 में स्वीकृत दर पर आदेशित तादाद में संबंधित सामग्री का प्रदान न करने पर धरोहर की राशि राजसात कर ली जावेगी। तथा फर्म का नाम काली सूची में अंकित किया जावेगा।
16. निविदा प्रस्तुत करने पर यह माना जावेगा की निविदाकारों को उपरोक्त सभी शर्तें स्वीकार है।
17. सभी सामग्रीयों की जी.एस.टी. टैक्स को पृथक से जोड़कर दर प्रस्तुत करें।
18. किसी भी विवाद की स्थिति में क्रय समिति का निर्णय मान्य होगा तथा कलेक्टर बलरामपुर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
19. निविदा संबंधित जानकारी जिला की वेबसाइट **www.balrampur.gov.in** पर देखी जा सकती है।

(उप) संचालक कृषि
बलरामपुर–रामानुजगंज

# वर्ष 2017–18 मिनि राईस मिल (मॉडलर) की स्थापना हेतु निविदा आवेदन पत्र

प्रति,

उप संचालक कृषि
बलरामपुर–रामानुजगंज,

1 – निविदा क्रमांक ..................................................................................................

2 – निविदाकार का नाम ..................................................................................................

3 – निविदाकार के फर्म का नाम व ..................................................................................................

पूरा पता ..................................................................................................

4 – फर्म का वाणिज्य क्रमांक दिनांक ..................................................................................................

5 – विक्रयकर समाशोधन प्रमाण–पत्र संलग्न है, अथवा नही ..................................................................................................

6 – प्रतिभूति राशि की रसीद क्रमांक व दिनांक ..................................................................................................

7 – या बैंक ड्राफ्ट क्रमांक ..........................................................व दिनांक ..................................................................

यदि बैंक ड्राफ्ट है तो बैंक का नाम ..................................................................................................

8 – कितने वर्ष से ..........................................................................मिल स्थापना व सामग्री प्रदाय करनें संबंधी जानकारी

9 – सामग्री प्रदाय करनें के संबंध में प्रमाण–पत्र ..................................................................................................

..................................................................................................

10 – शिकायत का विवरण एवं दिनांक

दरों का ऑफर संलग्न सूची अनुसार तथा ..................................................................................................

मूल निविदा शर्तों में हस्ताक्षर के साथ प्रस्तुत है।

हस्ताक्षर
पूरा नाम एवं पता सहित
..................................................
..................................................

**घोषणा–पत्र**

मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी सत्य एवं सही है। उपरोक्त दी गई जानकारी गलत या अपूर्ण पाये जाने की स्थिति में मेरी उम्मीदवारी बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकेगी।

स्थान :–
दिनांक :–

हस्ताक्षर
पूरा नाम एवं पता सहित
..................................................
..................................................